दिनांक 22.09.2020 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

सफाई रिक्शा एवं सफाई कामगार पर मिट्टी तेल उड़ेल कर जलाने का किया प्रयास, आग लगाने से निगम का रिक्शा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त

भिलाई नगर/ कोविड-19 के संक्रमण के दौर में नगर पालिक निगम और सफाई कामगार बिना थके व रूके सड़क, नाली की सफाई से लेकर घरों से कचरा एकत्र कर शहर को स्वच्छ शहर बनाने में जुटे हुए हैं। ऐसे कर्मचारियों का कोरोना वारियर्स के रूप में सम्मान कर उनका हौसला बढ़ाने के बजाय मारपीट पर ही उतारू हो गए हैं। ऐसा ही एक मामला वार्ड- 15 वैशाली नगर में आया है। जहां वैशाली नगर निवासी एक व्यक्ति ने सफाई कामगार पर मिट्टी तेल उड़ेल दिया, बल्कि सफाई कार्य में संलग्न रिक्शा को आग के हवाले कर क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटनाक्रम की सफाई कामगार हीरा लाल और निगम के कर्मचारियों ने वैशाली नगर चौकी में शिकायत की है। वार्ड- 15 वैशाली नगर ईडब्ल्यूएस कॉलोनी निवासी संजय गोविंद के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उनकी शिकायत पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। सफाई कामगार हीरा लाल वर्मा ने पुलिस से लिखित में शिकायत की है। सबूत के तौर पर जलते हुए रिक्शा का वीडियो भी पुलिस को उपलब्ध कराया है। कामगार ने शिकायत में बताया है कि वह सफाई एजेंसी के अधीन सफाई कामगार के रूप में काम करता है। हर दिन की तरह मंगलवार की सुबह घरों से कचरा एकत्र किया। तकरीबन 11 बजे वैशाली नगर ईडब्ल्यूएस कॉलोनी के आवासों से एकत्र की गई कचरे को प्राथमिक कचरा डंपिंग साइट पर खाली कर रहा था। इसी बीच संजय गोविंद दानी आया और खुली जगह पर कचरा डालने की बात को लेकर गाली गलौच करने लगा। विरोध किए जाने पर उन्होंने रिक्शा में आग लगा दिया। जब आग को बुझाने का प्रयास किया तो उन्होंने मुझ पर भी मिट्टी का तेल उड़ेल दिया। इससे वह डर गया। रिक्शा को छोड़कर वहां से चला गया। मौके से सुपरवाइजर को घटना की जानकारी दी। बाद में जब वहां जाकर देखा तो रिक्शा जलकर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है।

उल्लेखनीय है कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत निगम प्रशासन डोर टू डोर कचरा एकत्र करने और कचरे का परिवहन , सड़क, नाली की सफाई का ठेका दिया है। ठेका शर्तों के अनुसार ही ठेकेदार के कर्मचारी घरों से रिक्शा में कचरा एकत्र करते हैं। कचरे से रिक्शा भर जाने पर उसे चिन्हित स्थान पर खाली किया जाता है। कोरोना काल में भी सफाई कर्मचारी अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन कर रहे हैं, इनका मनोबल बढ़ाने के बजाय इस प्रकार का कृत्य करना हताशा उत्पन्न करने जैसा है! थाने में प्राथमिकी दर्ज करने के दौरान जोन 2 के स्वास्थ्य प्रभारी अनिल मिश्रा एवं अंजनी सिंह मौजूद थे!